भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षारता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 116
उत्तर देने की तारीख-04/12/2023

**दिल्ली और झारखंड में केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय**

**†116. श्री मनोज तिवारी:**
**डॉ. निशिकांत दुबे:**
क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली और झारखंड में वर्तमान में कितने केंद्रीय विद्यालय (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) कार्यशील है;
(ख) क्या सरकार का दिल्ली और झारखंड, विशेषकर उत्तर-पूर्वी दिल्ली में और अधिक संख्या में केंदीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव है;
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) कितने केंद्रीय विद्यालय हैं जिनके भवन का निर्माण हो चुका है लेकिन वे कार्यशील नहीं हैं और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में दिल्ली में 46 केंद्रीय विद्यालय (केवि) और 02 जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) और झारखंड राज्य में 41 केवि और 26 जनवि हैं। दिल्ली और झारखंड में केवि और जनवि का जिलेवार ब्यौरा संलग्न है।

(ख) और (ग) नए केवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केवि मुख्य रूप से देश भर में शिक्षा का एक सामान्य कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केवि की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं।

नए जनवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। नए जनवि का खुलना संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करता है कि वह स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराए और स्थायी भवन के निर्माण तक स्कूल को लाने के लिए आवश्यक अस्थायी भवन किराए पर निःशुल्क उपलब्ध कराए। नए जनवि की मंजूरी और खोला जाना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है।

(घ) केंद्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली के शाहदरा में एक केवि और झारखंड के चतरा में एक केवि को छोड़कर, जो संबंधित प्रायोजक अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी आवास में काम कर रहे हैं, दिल्ली और झारखंड के सभी केवि, यह सुनिश्चित करने के बाद कि भौतिक बुनियादी ढांचा सभी पहलुओं में पूरा हो गया है और पेय जल, शौचालय और बिजली आपूर्ति आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं, स्कूल भवनों का पूरा होने अंतिम निर्माण के बाद छात्रों के लिए कार्यात्मक बना दिए गए हैं।

*****

**अनुलग्नक**

**"दिल्ली और झारखंड में केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय" के संबंध में को माननीय संसद सदस्य श्री मनोज तिवारी और डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा दिनांक 04/12/2023 पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 116 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**दिल्ली के केन्द्रीय विद्यालयों का जिलेवार विवरण**

| **क्र. सं.** | **जिलों के नाम** | **केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या** | **केन्द्रीय विद्यालयों के नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वी दिल्ली | 03 | एजीसीआर कॉलोनी, खिचड़ीपुर और न्यू फ्रेंड्स सेंटर। |
| 2. | पश्चिमी दिल्ली | 05 | जनकपुरी, पश्चिम विहार, टैगोर गार्डन, शकूरबस्ती (पश्चिम पंजाबी बाग) और विकासपुरी। |
| 3. | मध्य दिल्ली | 01 | गोल मार्केट। |
| 4. | दक्षिणी दिल्ली | 08 | एंड्रयूज गंज, आईएनए कॉलोनी, मस्जिद मोठ, प्रगति विहार, पुष्प विहार, तुगलकाबाद (एएफएस), बदरपुर (एनटीपीसी) और अर्जुन गढ़ (एएफएस)। |
| 5. | उत्तर पश्चिम दिल्ली | 11 | लॉरेंस रोड (केशव पुरम), नरेला, पीतमपुरा, रोहिणी (सेक्टर-III), रोहिणी (सेक्टर-VIII), रोहिणी (सेक्टर-22), रोहिणी (सेक्टर-25), रोहिणी (सेक्टर-28), सैनिक विहार, शालीमार बाग एवं बवाना (एएफएस)। |
| 6. | शाहदरा | 06 | जी.टी. रोड़ शाहदरा। |
| 7. | दक्षिण पश्चिम दिल्ली | 16 | आर.के. पुरम (सेक्टर-II), आर.के. पुरम (सेक्टर-IV), आर.के. पुरम (सेक्टर- VIII), पापनकलां द्वारका (एसपीजी), द्वारका (सेक्टर-12), झरोदा कलां (सीआरपीएफ), वसंत कुंज, दिल्ली कैंट नंबर I, दिल्ली कैंट नंबर II, दिल्ली कैंट नंबर III, दिल्ली कैंट नंबर IV, राजोकरी (एएफएस), छावला कैंप (बीएसएफ), द्वारका (सेक्टर-V), न्यू महरौली रोड और रंगपुरी (आईएएआई)। |
| 8. | नई दिल्ली | 01 | डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय, राष्ट्रपति संपदा। |

**झारखंड में केन्द्रीय विद्यालयों का जिलेवार विवरण**

| क्र. सं. | जिलों के नाम | केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या | केन्द्रीय विद्यालयों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ | 04 | बरकाकाना, पतरातू, रामगढ़ कैंट और भुरकुंडा। |
| 2 | बोकारो | 04 | बोकारो सं. 1, बोकारो सं. 3 (रेलवे), बोकारो (थर्मल) और चंद्रपुरा (सीटीबीएस)। |
| 3 | पश्चिमी सिंहभूम | 03 | चक्रधरपुर, मेघाहातुबुरू (आईओपी) और एसईआर डांगोआपोसी। |
| 4 | धनबाद | 04 | धनबाद, धनबाद पुराना डीवीएस भवन, गोमो और धनबाद मैथन बांध। |
| 5 | पूर्वी सिंहभूम | 02 | सुरदा और टाटानगर। |
| 6 | देवघर | 01 | देवघर (मधुपुर)। |
| 7 | गढ़वा | 01 | गढ़वा |
| 8 | गोड्डा | 01 | गोड्डा |
| 9 | जामताड़ा | 01 | जामताड़ा |
| 10 | सिमडेगा | 01 | सिमडेगा |
| 11 | लातेहार | 01 | लातेहार |
| 12 | हजारीबाग | 01 | हज़ारीबाग (बीएसएफ)। |
| 13 | गुमला | 01 | गुमला। |
| 14 | शाहिबगंज | 01 | शाहिबगंज। |
| 15 | रांची | 06 | रांची (सीसीएल), रांची दीपाटोली, रांची नामकुम, रांची (सीआरपीएफ), रांची (एचईसी) और रांची हिनू। |
| 16 | पाकुर | 01 | सिंघर्षि। |
| 17 | लोहरदगा | 01 | लोहरदगा। |
| 18 | खूंटी | 01 | खूंटी। |
| 19 | दुमका | 01 | दुमका। |
| 20 | चतरा | 01 | चतरा। |
| 21 | गिरिडीह | 01 | गिरिडीह। |
| 22 | कोडरमा | 01 | झुमरी तिलैया। |
| 23 | सरायकेला | 01 | सरायकेला-खरसावां। |
| 24 | पलामू | 01 | पलामू। |

**दिल्ली और झारखंड में जवाहर नवोदय विद्यालयों का जिलेवार विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जनवि विद्यालयों की संख्या | जिले का नाम (जनवि) |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली (02) | 02 | दक्षिण पश्चिम दिल्ली (जाफरपुर कलां) और उत्तर पश्चिम दिल्ली (मुंगेशपुर)। |
| 2. | झारखंड (26) | 26 | बोकारो, चतरा, देवघर, धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, हज़ारीबाग, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, पाकुड़-I, पाकुड़-II, पलामू-I, पलामू-II, रामगढ़ , रांची, साहिबगंज, सरायकेला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम। |